# ऑप्टस उल्लंघन - हम आपकी पहचान के संरक्षण के लिए क्या कर रहे हैं

ऑस्ट्रेलिया सरकार सितंबर में ऑप्टस साइबर हमले के बाद पहचान की धोखाधड़ी से पीड़ितों की सुरक्षा के लिए ऑप्टस के साथ मिलकर काम कर रही है।

इस साइबर हमले के परिणामस्वरूप सेवार्थियों के व्यक्तिगत डेटा और पहचान-संबंधी जानकारी के लिए, जिसमें पासपोर्ट नंबर भी शामिल है, पहचान की धोखाधड़ी या चोरी का खतरा पैदा हुआ था।

ऑप्टस प्रभावित हुए सेवार्थियों से सीधे संपर्क कर रहा है। यदि ऑप्टस ने आपको सूचित किया है कि आपके पासपोर्ट नंबर पर प्रभाव पड़ा था, तो आपको अपना ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट बदलने की आवश्यकता नहीं है।

Australian Passport Office (APO) के पास आपकी पहचान के संरक्षण के लिए मजबूत धोखाधड़ी नियंत्रण उपलब्ध हैं, जिसमें चेहरे की पहचान तकनीकी भी शामिल है।

## आपको क्या पता होना चाहिए:

- **आपका ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट अंतरराष्ट्रीय यात्रा में उपयोग करने के लिए अभी भी सुरक्षित है**।
- **कोई अन्य व्यक्ति आपकी पहचान के तहत यात्रा करने के लिए आपके पासपोर्ट विवरण का उपयोग नहीं कर सकता है**। ऐसा करने के लिए उन्हें आपके वास्तविक पासपोर्ट की आवश्यकता होगी।
- **कोई अन्य व्यक्ति आपके पासपोर्ट नंबर के उपयोग से नया ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट प्राप्त नहीं कर सकता है।**

## आपकी पहचान के संरक्षण के लिए उठाए गए कदम:

ऑस्ट्रेलिया सरकार ने आपकी पहचान की चोरी होने से सुरक्षा के लिए कदम उठाए हैं, जिनमें शामिल हैं:

- **प्रभावित हुए सभी ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्टों को दस्तावेज सत्यापन प्रणाली (डीवीएस) के माध्यम से सत्यापित किए जाने से अवरुद्ध करना।**

डीवीएस एक ऑनलाइन प्रणाली है, जिसका उपयोग पहचान दस्तावेज की वैधता की जांच करने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए, जब आप सेंटरलिंक भुगतान या होम लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन करते/करती हैं, तो सरकारी या वित्तीय सेवाओं द्वारा आपकी पहचान को ऑनलाइन सत्यापित करने के लिए डीवीएस का उपयोग किया जाता है। लेकिन आप पहचान के प्रमाण के रूप में अभी भी इन सरकारी या निजी संस्थानों में व्यक्तिगत रूप से अपना पासपोर्ट ले जा सकते/सकती हैं।

## क्या आपके पास कोई प्रश्न है?

### मुझे एक ईमेल या फोन कॉल मिली है, जिसमें बताया गया था कि मैं ऑप्टस डेटा उल्लंघन से प्रभावित हुआ/हुई हूँ। मुझे कैसे पता चलेगा कि यह घोटाला नहीं है?

ऑप्टस प्रभावित हुए सेवार्थियों को डेटा उल्लंघन के बारे में सीधे सूचित कर रहा है। वे बता रहे हैं कि ईमेल या एसएमएस संदेशों के माध्यम से वे कोई भी लिंक नहीं भेजेंगे।

घोटालेबाज फोन, टेक्स्ट या ईमेल के माध्यम से आपसे संपर्क करने के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग कर सकते हैं। कभी भी किसी लिंक पर क्लिक न करें अथवा किसी ऐसे व्यक्ति को व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी न दें, जो बिना जाने-पहचाने आपसे संपर्क करता है। खुद को सुरक्षित रखने के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए वेबसाइट www.scamwatch.gov.au पर जाएँ।

### क्या मैं अपना ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट बदल सकता/सकती हूँ?

यदि आप जल्द ही यात्रा करने की योजना बना रहे/रही हैं, तो बदलने के लिए आवेदन न करें। हम इस बात की गारंटी नहीं दे सकते हैं कि आपको समय पर अपना नया पासपोर्ट मिल जाएगा।

अपने ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट को बदलने के लिए आवेदन करने से पहले, आपको पता होना चाहिए कि:

- एपीओ बहुत ज़्यादा पासपोर्टों की मांग का सामना कर रहा है
- हम आवेदनों को यथाशीघ्र संसाधित करने की कोशिश कर रहे हैं
- अधिकांश पासपोर्ट 6 सप्ताहों के अंदर संसाधित कर दिए जाते हैं, लेकिन कुछ के लिए अधिक समय लगता है।

यदि आप अपना पासपोर्ट बदलना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया Australian Passport Office (ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट कार्यालय) से 131 232 पर संपर्क करें।

### क्या मुझे अपने प्रतिस्थापन पासपोर्ट के लिए भुगतान करना होगा?

प्रभावित हुए जो सेवार्थी अपना ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट बदलना चाहते हैं, उनके शुल्कों को ऑप्टस कवर करेगा।

आपको अपने प्रतिस्थापन पासपोर्ट के लिए अग्रिम भुगतान करना होगा और फिर ऑप्टस से प्रतिपूर्ति की मांग करनी होगी। आने वाले सप्ताहों में ऑप्टस अपनी प्रतिपूर्ति प्रक्रिया को औपचारिक रूप देगा। और अधिक जानकारी के लिए ऑप्टस के पासपोर्ट वेबपेज पर जाएँ, या ऑप्टस ग्राहक सेवा से सीधे 133 937 पर संपर्क करें।

### यदि मेरे पास विदेशी पासपोर्ट है, तो क्या होगा?

आपको पासपोर्ट जारी करने वाले देश के राजनयिक या कांसुलर मिशन से संपर्क करना होगा।

### यदि मेरा ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट अवरुद्ध कर दिया गया है, तो क्या मुझे अभी भी अंतरराष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण प्रमाणपत्र (आईसीवीसी) मिल पाएगा?

हाँ। आप प्रभावित हुए ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट का उपयोग करके अभी भी आईसीवीसी प्राप्त कर सकते/सकती हैं। आईसीवीसी प्राप्त करने का सबसे आसान तरीका myGov या Express Plus Medicare मोबाइल ऐप से अपने मेडिकेयर खाते का उपयोग करना है। और अधिक जानकारी के लिए सर्विसेज़ ऑस्ट्रेलिया का वेबपृष्ठ देखें।

यदि आपको आईसीवीसी प्राप्त करने में कठिनाई होती है, तो Australian Immunisation Register (AIR) को 1800 653 809 पर (ऑस्ट्रेलिया में) या +61 2 8633 3284 पर (विदेशों से) कॉल करें।

### मैं इस समय विदेश में हूँ, मैं अपना पासपोर्ट रद्द कैसे कर सकता/सकती हूँ?

आपका पासपोर्ट यात्रा करने के लिए अभी भी सुरक्षित है, लेकिन यदि आप इसे रद्द करना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया अपने निकटतम ऑस्ट्रेलियाई दूतावास या वाणिज्य दूतावास में जाएँ।

## क्या आप और अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते/चाह ती हैं?

ऑप्टस पासपोर्ट जानकारी (optus.com.au)

Australian Passport Office (ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट कार्यालय) www.passports.gov.au।

यदि आपको किसी अन्य भाषा में सहायता चाहिए, तो कृपया 131 450 पर अनुवाद और दुभाषिया सेवा (टीआईएस) को कॉल करें और दुभाषिए के लिए निवेदन करें। टीआईएस एपीओ से संपर्क करेगी और आपकी पसंदीदा भाषा में भाषांतर करेगी।

यदि आपको सुनाई नहीं देता है अथवा आपकी सुनने या बोलने की क्षमता में खामी है, तो आप राष्ट्रीय-रिले-सेवा के माध्यम से हमसे संपर्क कर सकते/सकती हैं।